सीएसआईआर-सीरी में राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 का आयोजन

सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 28 और 29 अगस्त को विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध एवं महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद की स्मृति में देशभर में मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारत सरकार के खेल मंत्रालय और सीएसआईआर मुख्यालय के निदेशानुसार सीएसआईआर-सीरी में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ।

प्रतिभागी खिलाड़ियों की कुल आठ टीमें बनाई गईं थीं जिनका नाम भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर बलिदानियों और खेल जगत में भारत का नाम रोशन करने वाले सुप्रसिद्ध खिलाड़ियों के नाम पर रखा गया था। पुरुष खिलाड़ियों के नाम ऊधम सिह, चंद्रशेखर आजाद, कपिल देव, मिल्खा सिह, धनराज पिल्ले, अभिनव बिद्रा तथा महिला खिलाड़ियों की टीमों के नाम पी टी उषा और स्मृति मंधाना रखे गए थे।

उद्घाटन एवं शपथ ग्रहण

राष्ट्रीय खेल दिवस गतिविधियों का शुभारंभ 28 अगस्त, 2024 को संस्थान के प्रांगण में आयोजित **शपथ ग्रहण** के साथ हुआ। डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को **स्वास्थ्य और फिटनेस की शपथ** दिलाई और उन्हें टीम भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने खेल जीवन के संस्मरण भी साझा किए।

प्रतिभागियों को शारीरिक स्वास्थ्य (फिटनेस) एवं खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

शपथ ग्रहण करते हुए प्रतिभागी

आयोजन की पृष्ठभूमि एवं रूपरेखा से अवगत कराते हुए
डॉ नीरज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक एवं सचिव, सीरी स्टाफ क्लब

इससे पूर्व सीएसआईआर-सीरी स्टाफ क्लब के सचिव **डॉ नीरज कुमार**, प्रधान वैज्ञानिक ने राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन की पृष्ठभूमि एवं रूपरेखा से अवगत कराया।

खेल गतिविधियों के कुछ दृश्य

दो-दिवसीय आयोजन के दौरान इन आठ टीमों के 312 खिलाड़ियों के बीच रस्साकशी, दौड़ (रिले रेस), शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, फुटबॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट, बास्केट बॉल (पेनल्टी शूट) तथा वरिष्ठजनों के लिए फुटबॉल (पेनल्टी शूट) खेलों **खेलों** में कड़े मुकाबले हुए। पुरुष सहकर्मियों ने सभी खेलों में जबकि महिला सहकर्मियों ने रस्साकशी, दौड़ (रिले रेस) तथा क्रिकेट खेलों में प्रतिभागिता की।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 29 अगस्त, 2024 को आयोजित किया गया। समारोह में डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने विजेता टीमों को बधाई दी। महिला वर्ग में **टीम पी टी ऊषा** विजयी रही जबकि पुरुष वर्ग में **टीम धनराज पिल्ले** ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर ट्रॉफी जीती। संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने दोनों विजेताओं को **मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय खेल दिवस ट्राफी** भेंट कर सम्मानित किया।

मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय खेल दिवस ट्रॉफी के साथ चैम्पियन टीमें

अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ पंचारिया ने कहा कि खेल हमारे व्यक्तित्व में अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना जैसी महत्वपूर्ण चारित्रिक विशेषताओं का विकास करते हैं। उन्होंने खेलों एवं वैज्ञानिक गतिविधियों में भी समानता बताते हुए कहा कि खेलों की तरह विज्ञान में भी सफलता के लिए वैज्ञानिक एवं शोधार्थी में इन तीनों विशेषताओं का होना आवश्यक हैं। उन्होंने बहुत कम समय में इस दो-दिवसीय कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सीरी स्टाफ क्लब एवं आयोजन समिति की मुक्त कंठ से सराहना की।

विजेता टीमों और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

इस अवसर पर सीरी स्टाफ क्लब के उपाध्यक्ष एवं प्रशासन नियंत्रक **श्री जय शंकर शरण** ने भी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने ऐसे आयोजनों को नई प्रतिभाओं की खोज का माध्यम बताते हुए बड़ी संख्या में प्रतिभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सीरी स्टाफ क्लब के उपाध्यक्ष
श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी

दो-दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित खेल गतिविधियों की जानकारी
देते हुए स्टाफ क्लब के सचिव डॉ नीरज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान सीरी स्टाफ क्लब के सचिव **डॉ नीरज कुमार**, प्रधान वैज्ञानिक ने खेल प्रतियोगिताओं का विस्तृत ब्योरा दिया।

समापन समारोह का संचालन करती हुई स्टाफ क्लब की संयुक्त सचिव सुश्री चांदनी दीक्षित, कनिष्ठ आशुलिपिक

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन स्टाफ क्लब की संयुक्त सचिव सुश्री चांदनी दीक्षित, कनिष्ठ आशुलिपिक ने किया। समारोह के अंत में डॉ नीरज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस प्रकार सीएसआईआर-सीरी में दो-दिवसीय खेल आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

खेल गतिविधियों के कुछ अन्य छायाचित्र